दिनांक 30 अप्रैल 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ और सुंदर भिलाई

मौसमी बीमारी के रोकथाम एवं बचाव तथा मच्छर उन्मूलन के लिए निगम प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का किया जा रहा आयोजन

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव तथा मच्छर उन्मूलन हेतु निगम के 43 वार्ड में प्रथम चरण का दिनांक 1 अप्रैल 2019 से 31 अक्टूबर 2019 तक निरंतर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शहरी परिवार कल्याण केंद्र सुपेला भिलाई द्वारा लगाई गई चिकित्सक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा निर्धारित तिथि में प्रातः 10.30 बजे से 1.30 बजे तक विशेष स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित रहकर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं मौसमी बीमारियों के बचाव हेतु आवश्यक उपाय बताया जाएगा।

शिविर हेतु निर्धारित तिथि एवं नियत क्षेत्रों में स्प्रेयर पंप द्वारा नाली एवं गंदे स्थानों के जमाव पानी में कीटनाशक औषधि (टेमीफास/मेलाथियान) के छिड़काव का कार्य किया जाएगा कार्य संपन्न होने के उपरांत संबंधित वार्ड/क्षेत्र के नागरिकों से कार्य संतुष्टि प्रमाण पत्र रूप से प्रस्तुत करना होगा। आयुक्त सुंदरानी ने इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया है शिविर स्थलों के अनुसार नियत तिथि में शिविर का कार्य संपन्न करना होगा। शिविर में नियुक्त अधिकारी , कर्मचारी पूर्ण सजगता से कार्य करेंगे , कार्य के प्रति लापरवाही या अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकेगी।

शिविर का विवरण इस प्रकार है 01 मई को मदर टेरेसा नगर वार्ड 20 प्रगति नगर केम्प 01 में दुर्गा मंदिर के पास बसंत टाकिज के पीछे प्रगति नगर , 02 मई को शिवाजी नगर वार्ड 38 खुर्सीपार शहीद वीर नारायण सिंह नगर में , अटल आवास शिवाजी नगर , 03 मई को रिसाली में वार्ड 43 स्टेशन मरोदा, एच.एस.सी.एल. कालोनी स्टेशन मरोदा, 06 मई को वैशाली नगर के वार्ड 14 रामनगर मुक्तिधाम के बाम्बे आवास , अटल आवास, एवं बसंत विहार कालोनी , 08 मई को शिवाजी नगर वार्ड 35 के खुर्सीपार जोन 02 शास्त्री नगर के बाबा बालक नाथ मंदिर के पास, 09 मई को मदर टेरेसा नगर के वार्ड 24 शारदा पारा केम्प 02, सांस्कृतिक भवन के पास दुर्गा पारा , 10 मई को नेहरु नगर वार्ड 7 फरीद नगर कोहका के शिव पारा मुरुम खदान, 13 मई को रिसाली वार्ड 42 नेवई भाठा के जय स्तंभ के पास मिनीमाता नगर , 15 मई को वैशाली नगर वार्ड 11 अंबेडकर नगर कोहका , सांस्कृतिक भवन के पास अंबेडकर नगर , 16 मई को शिवाजी नगर वार्ड 31 खुर्सीपार जोन 03 दुर्गा मंदिर, जय स्तम्भ के पास मिनीमाता नगर , 17 मई नेहरु नगर वार्ड 01 जुनवानी, सामुदायिक भवन खम्हरिया भाठा, 20 मई को रिसाली वार्ड 43 स्टेशन मरोदा, एच.एस.सी.एल. कालोनी स्टेशन मरोदा , 22 मई को शिवाजी नगर वार्ड 28 छावनी बस्ती, लक्ष्मण नगर एवं शंकर नगर , 23 मई को वैशाली

नगर वार्ड 13 राजीव नगर सुपेला जहाज बिल्डिंग के सामने स्थित श्रमिक बस्ती रामनगर, 24 मई को नेहरु नगर वार्ड 9 कोहका पुरानी बस्ती आंगनबाड़ी के पास आर्य नगर, 27 मई को शिवाजी नगर वार्ड 34 खुर्सीपार जोन 02 नेताजी सुभाष वार्ड काली मंदिर के सामने पुराना मछली मार्केट , 29 मई को वैशाली नगर वार्ड 16 अटल आवास कुरुद, 30 मई को रिसाली वार्ड 40 जोरातराई शीतला मंदिर के पास, 31 मई को नेहरु नगर वार्ड 8 रानी अवंती बाई कोहका हाउसिंग बोर्ड कोहका मे निर्धारित समय पर आयोजित किया जाएगा।

लगातार चलित चिकित्सा वाहन के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें रक्त का नमूना लेकर लैब में परीक्षण के लिए भेजा जाता है जहां से रिपोर्ट आने के पश्चात मरीजों को चिकित्सा के लिए उचित सलाह दी जाती है!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''